शनिवार
25 अप्रैल, 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर









वर्ष 2, अंक 81 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार

www.apnanalanda.com


## सम्राट चौधरी ने विश्वास मत जीता, सदन में विपक्ष पर साधा निशाना



पटना(अपना नालंदा)। बिहार विधानसभा के विशेष सत्र में नवनियुक्त मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विश्वास मत हासिल कर लिया। इसकी घोषणा विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने की। विश्वास मत से पहले मुख्यमंत्री ने सदन में विपक्ष पर तीखा हमला बोला और राजनीतिक इतिहास का जिक्र करते हुए कई बयान दिए।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की भूमिका बिहार की राजनीति में अहम रही है और उनके सहयोग से ही कई नेताओं को अवसर मिला। उन्होंने विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पद किसी की निजी संपत्ति नहीं, बल्कि जनता के आशीर्वाद से मिलता है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा नेतृत्व और नीतीश कुमार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके विश्वास के कारण उन्हें यह जिम्मेदारी मिली है। उन्होंने कहा कि राज्य में जो विकास दिख रहा है, उसमें केंद्र और राज्य दोनों का योगदान है।उपमुख्यमंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव ने सरकार पर लगे आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि राज्य का खजाना मजबूत है और सभी कर्मियों को समय पर भुगतान हो रहा है। जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने महिला सशक्तिकरण और जीविका योजना की उपलब्धियों को गिनाया।

वहीं विपक्ष के नेताओं ने भी अपनी बातें रखीं और सरकार से रोजगार सृजन, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के सम्मान की अपेक्षा जताई। सदन में कुल मिलाकर सरकार के पक्ष में बहुमत स्पष्ट रूप से दिखा दिया।

## नालंदा में मध्याह्न भोजन योजना पर सख्त निगरानी, गुणवत्ता सुनिश्चित करने का निर्देश



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को मध्याह्न भोजन योजना के प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित संचालन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि विद्यालयों में बच्चों को निर्धारित मेनू के अनुसार स्वच्छ, पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि मध्याह्न भोजन योजना बच्चों के सर्वांगीण विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण योजना है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने साफ-सफाई, खाद्य सामग्री की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों के पालन पर विशेष जोर दिया।जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने जानकारी दी कि जिले के 1358 विद्यालयों में विद्यालय शिक्षा समिति के माध्यम से तथा 816 विद्यालयों में एकता शक्ति फाउंडेशन के द्वारा योजना संचालित की जा रही है। कई प्रखंडों में पूरी तरह विद्यालय शिक्षा समिति द्वारा ही संचालन किया जा रहा है।

बैठक में खाद्य सामग्री की खरीद, भंडारण, भोजन बनाने, वितरण और बाद की साफ-सफाई से जुड़े विस्तृत दिशा-निर्देशों के पालन पर जोर दिया गया। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि रसोईघर में स्वच्छता, सुरक्षित भंडारण, साफ पानी और गैस उपकरणों के सुरक्षित उपयोग को सुनिश्चित किया जाए।

जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने, त्रुटियों की पहचान कर त्वरित सुधार करने और किसी भी गड़बड़ी पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और योजना की गुणवत्ता बनाए रखना

## नालंदा में पेट्रोल-डीजल व गैस पर्याप्त, अफवाहों से बचने की अपील



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिले में पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की कमी की अफवाहों के बीच जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने शुक्रवार को तेल कंपनियों के सेल्स अधिकारियों और वरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में स्पष्ट किया गया कि जिले में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है और अधिकांश पेट्रोल पंप पूरी क्षमता से संचालित हो रहे हैं।

अधिकारियों ने बताया कि आईओसीएल और बीपीसीएल के सभी पेट्रोल पंप सामान्य रूप से कार्यरत हैं। वहीं एचपीसीएल के सुदामा सर्विस स्टेशन, नालंदा सर्विस स्टेशन और धनवंती फ्यूल्स, जो पूर्व में बंद थे, उन्हें पर्याप्त आपूर्ति देकर पुनः चालू कर दिया गया है। हालांकि बेचन माधुरी एचपी और केदारनाथ फ्यूल्स आंतरिक कारणों से बंद हैं, जिन्हें जल्द चालू करने का प्रयास किया जा रहा है।

जिला पदाधिकारी ने शादी के मौसम में बढ़ती मांग को देखते हुए अतिरिक्त 5 से 10 प्रतिशतस्टॉक रखने का निर्देश दिया। साथ ही किसी भी समस्या की स्थिति में त्वरित समन्वय कर समाधान सुनिश्चित करने को कहा।

एलपीजी गैस की स्थिति पर जानकारी देते हुए बताया गया कि जिले में 54 एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 8795 घरेलू सिलिंडर की आपूर्ति की जा रही है। बैकलॉग को घटाकर 4.1 कर दिया गया है, जिसे जल्द 3 से कम करने का लक्ष्य रखा गया है।इसके अलावा बिहारशरीफ, राजगीर और सिलाव में पीएनजी पाइपलाइन विस्तार पर भी जोर दिया गया है। आम लोगों से अपील की गई है कि वे अफवाहों से बचें और किसी भी समस्या के लिए जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें।

## चंडी में ज्वेलर्स से लूट, बाइक सवार बदमाश झोला छीन फरार

चितरंजन कुमार


चंडी (अपना नालंदा)। थाना क्षेत्र के माधोपुर बाजार में शुक्रवार देर शाम एक ज्वेलर्स संचालक से लूट की घटना सामने आई है। बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने दुकानदार को धक्का देकर नगदी और चांदी से भरा झोला छीन लिया और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, माधोपुर निवासी ज्वेलर्स संचालक राजा कुमार उर्फ राजा सिंह अपनी दुकान "सोनी ज्वेलर्स" (रामघाट) बंद कर अपने पिता के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में पहले से घात लगाएबदमाशों ने उन्हें धक्का देकर असंतुलित कर दिया और झोला छीनकर फरार हो गए। इस दौरान बाइक पर पीछे बैठे उनके पिता गिर पड़े , जिससे उन्हें हल्की चोटें आईं।

पीड़ित के अनुसार, झोले में करीब 1.5 लाख रुपये नकद और लगभग डेढ़ किलो चांदी की पायल थी, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 2.25 लाख रुपये है। कुल मिलाकर करीब 3.75 लाख रुपये की संपत्ति बदमाश लेकर फरार हो गए।

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने बदमाशों का पीछा करने का प्रयास किया, लेकिन अंधेरा होने के कारण कोई सफलता नहीं मिली। सूचना मिलते ही चंडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों की पहचान में जुटी है।

घटना से व्यवसायियों में भय व्याप्त है। लोगों ने पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।


SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN
HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD
COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
RERA APPROVED
Project Registration Number
BRERAP19200101102525O432E00
from ₹4251 TO
₹4551/*sq.ft
60%
Free Area
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
COMFORT, LUXURY
WELLNESS
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# सुरेंद्र सिंह की पुण्यतिथि पर जुटे लोग, पर्यावरण बचाने का लिया संकल्प



चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र के ढकनिया गांव में पर्यावरणविद एवं समाजसेवी स्वर्गीय सुरेंद्र सिंह की छठवीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों की बड़ी भागीदारी रही। कार्यक्रम की शुरुआत उनकी आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।

इस मौके पर प्रमुख पिंकू देवी, उप प्रमुख दयाशंकर यादव, मुखिया अनिरुद्ध चौधरी उर्फ लाटो चौधरी, मुकेश सिंह, मनीष सिंह, पैक्स अध्यक्ष टुनटुन सिंह, जिला परिषद सदस्य निरंजन कुमार, पूर्व पंचायत समिति सदस्य शैलेश सिंह और अरविंद सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय सुरेंद्र सिंह ने अपना पूरा जीवन पर्यावरण संरक्षण और समाजसेवा को समर्पित किया। उन्होंने गांव-गांव में वृक्षारोपण अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया और जरूरतमंदों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहे। उनका जीवन सादगी, सेवा और समर्पण का प्रेरणादायक उदाहरण है।

वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में बढ़ते पर्यावरण संकट के बीच उनके विचार और कार्य और भी प्रासंगिक हो गए हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित किया जा सकता है।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से पर्यावरण संरक्षण, अधिक से अधिक वृक्षारोपण और समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। अंत में सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# प्राथमिक विद्यालय पोराजित में नामांकन अभियान, रैली से गूंजा शिक्षा का संदेश




चितरंजन कुमार


चंडी (अपना नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय पोराजित में शुक्रवार को 'कदम बिहार' कार्यक्रम के तहत प्रवेशोत्सव सह विशेष नामांकन अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करना तथा अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना रहा। सुबह करीब दस बजे शुरू हुए इस अभियान में शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के तहत विद्यालय परिसर से एक जागरूकता रैली निकाली गई, जो गांव के विभिन्न टोले-मोहल्लों और मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। रैली में शामिल बच्चों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर "हर बच्चा स्कूल जाए" तथा "शिक्षा है सबका अधिकार" जैसे प्रेरणादायक नारे लगाए। इस दौरान ग्रामीणों को अपने बच्चों का नामांकन कराने और उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया गया।प्रधान शिक्षक राजू कुमार ने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को विद्यालय भेजने में कोई कोताही न बरतें। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, इसके लिए समाज के सभी वर्गों को मिलकर प्रयास करना होगा।इस अवसर पर शिक्षक मोनी कुमारी, रघुराई कुमार, प्रदीप कुमार, मधु कुमारी, अरविंद कुमार, मिथलेश कुमार, ह्यूमाना पीपुल टू पीपुल के दीपक कुमार एवं अजीत कुमार सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने ग्रामीणों में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करने में अहम भूमिका निभाई।









# श्रवण कुमार के नेता बनने से जदयू और मजबूत होगी पार्टी:- अरविन्द कुमार सिन्हा



विजय प्रकाश उर्फ पिन्नू

नूरसराय (अपना नालंदा)। जदयू विधायक दल का नेता चुने जाने पर श्रवण कुमार को बधाई देने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में परविंदर इंटरप्राइजेज के निर्देशक व समाजसेवी अरविन्द कुमार सिन्हा ने उनके आवास पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को भी इस निर्णय के लिए बधाई दी।

इस अवसर पर अरविन्द कुमार सिन्हा ने कहा कि श्रवण कुमार के विधायक दल का नेता बनने से पार्टी को मजबूती मिलेगी और कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम जनता में भी खुशी का माहौल है। उन्होंने कहा कि श्रवण कारों के लिए हमेशा आवाज उठाई है।कुमार पार्टी के स्थापना काल से ही एक सच्चे सिपाही की तरह कार्य करते आ रहे हैं और उन्होंने हमेशा नीतीश कुमार की नीतियों एवं सिद्धांतों का ईमानदारी से पालन किया है।

उन्होंने आगे कहा कि श्रवण कुमार एक ऐसे नेता हैं जो हमेशा जनता और कार्यकर्ताओं के लिए सुलभ रहते हैं।

उनकी पहचान सेवा, समर्पण और सादगी से जुड़ी रही है। लगातार आठ बार नालंदा विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुना जाना उनके मजबूत जनाधार और लोकप्रियता को दर्शाता है।अरविन्द कुमार सिन्हा ने यह भी कहा कि श्रवण कुमार लंबे समय से नीतीश कुमार के भरोसेमंद सहयोगी रहे हैं और समता पार्टी के स्थापना काल से ही पार्टी की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। उन्होंने गरीबों, शोषितों, वंचितों, अतिपिछड़ों, अल्पसंख्यकों और दलितों के अधि

# नालंदा में सुरक्षा कर्मियों की सीधी भर्ती, 250 पदों पर विशेष जॉब कैम्प 27 अप्रैल से

संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिला नियोजनालय नालंदा के सौजन्य से AGILE SECURITY FORCE PVT. LTD. द्वारा जिले में विशेष भर्ती अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत शिक्षित एवं बेरोजगार युवाओं को सुरक्षा क्षेत्र में रोजगार का सुनहरा अवसर दिया जा रहा है। यह भर्ती भारत सरकार के पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत की जा रही है, जिसमें चयनित अभ्यर्थियों को 60 वर्ष तक स्थायी नौकरी प्रदान की जाएगी।

भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत सुरक्षा जवान और सुपरवाइजर के कुल 250 पदों पर नियुक्ति की जाएगी। सुरक्षा जवान के लिए न्यूनतम योग्यता 10वीं पास निर्धारित की गई है, जबकि सुपरवाइजर पद के लिए स्नातक के साथ एनसीसी होना अनिवार्य है। सुरक्षा जवान के लिए आयु सीमा 18 से 40 वर्ष तथा सुपरवाइजर के लिए 25 से 40 वर्ष रखी गई है। वहीं, ऊँचाई क्रमशः 165 सेमी और 170 सेमी तथा वजन 50 से 90 किलोग्राम एवं 56 से 90 किलोग्राम निर्धारित किया गया है।

वेतनमान की बात करें तो सुरक्षा जवान को 17,000 से 23,500 रुपये तथा सुपरवाइजर को 22,500 से 25,500 रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। इसके साथ ही कर्मचारियों को कई सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी, जिनमें 60 वर्ष की सेवानिवृत्ति आयु, रियायती दर पर आवास एवं भोजन, देशभर में स्थानांतरण की सुविधा, प्रत्येक वर्ष 10 प्रतिशत वेतन वृद्धि, 1 से 5 लाख रुपये तक दुर्घटना बीमा, ईएसआईसी के तहत परिवार का मुफ्त इलाज तथा ईपीएफ की सुविधा शामिल है। कार्य के आधार पर समय-समय पर पदोन्नति भी दी जाएगी।

कंपनी द्वारा नियुक्त कर्मियों की ड्यूटी औद्योगिक प्रतिष्ठानों, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थानों, बैंक, एटीएम, अस्पताल, आईटी सेक्टर एवं होटलों में लगाई जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों को 5 स्टार रेटिंग प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।


भर्ती के लिए अभ्यर्थियों को शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य होगा। यह भर्ती प्रक्रिया प्रखंड स्तर पर एक दिवसीय जॉब कैम्प के माध्यम से आयोजित की जाएगी, जो 27 अप्रैल से 11 मई 2026 तक जिले के विभिन्न प्रखंडों—गिरियक, राजगीर, इस्लामपुर, एकंगरसराय, अस्थावां, चंडी, हरनौत, नूरसराय, हिलसा एवं बिहारशरीफ—में आयोजित होंगे। कैम्प का समय सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है।

कंपनी का प्रशिक्षण केंद्र हैदराबाद स्थित रंगा रेड्डी जिले में है। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 7295024124 एवं 06112-359276 पर संपर्क कर सकते हैं या ईमेल के माध्यम से भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।






# रहुई में जनगणना प्रशिक्षण पूरा, दो मई से घर-घर सर्वे शुरू



रहुई (अपना नालंदा)। नगर पंचायत रहुई में प्रस्तावित जनगणना 2027 को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में सभागार कक्ष में आयोजित पर्यवेक्षकों और प्रगणकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार शाम सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। प्रशिक्षण में कुल 33 कर्मियों ने भाग लिया, जिनमें 4 पर्यवेक्षक और 29 प्रगणक शामिल रहे।


प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों ने जनगणना से जुड़ी पूरी कार्यप्रणाली, सर्वेक्षण की विधि तथा डेटा संग्रहण की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। कर्मियों को बताया गया कि घर-घर जाकर सही और सटीक जानकारी एकत्र करना उनकी प्रमुख जिम्मेदारी होगी। इसके लिए निर्धारित प्रपत्रों को सही ढंग से भरने और प्रत्येक परिवार से आवश्यक जानकारी लेने के तरीके भी सिखाए गए।मास्टर ट्रेनरों ने यह भी बताया कि जनगणना का पहला चरण 2 मई से 31 मई तक चलेगा, जिसमें सभी प्रगणक अपने-अपने क्षेत्र में जाकर मकानों का सूचिकरण और गणना करेंगे। इस दौरान प्रत्येक घर के मुख्य सदस्य से कुल 33 प्रकार के प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनके आधार पर विस्तृत आंकड़े तैयार किए जाएंगे।चार्ज पदाधिकारी ने सभी प्रशिक्षित कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ कार्य करें तथा हर जानकारी को सटीक रूप से दर्ज करें, ताकि जनगणना के आंकड़े विश्वसनीय और उपयोगी बन सकें। प्रशासन को उम्मीद है कि प्रशिक्षित कर्मियों के सहयोग से यह अभियान सफलतापूर्वक संपन्न होगा।

# परीक्षा केंद्र बदलने के फैसले पर छात्रों का विरोध, मिला सकारात्मक आश्वासन



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। एस.यू. कॉलेज, हिलसा का परीक्षा केंद्र बिहारशरीफ के केएसटी कॉलेज में बनाए जाने के निर्णय के खिलाफ छात्र जदयू ने आवाज उठाई। इस संबंध में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के पूर्वी भाग (नालंदा) के अध्यक्ष आशीष कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. प्रो. मनोज कुमार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

छात्र नेताओं ने बताया कि पूर्व से ही एस.यू. कॉलेज, हिलसा का परीक्षा केंद्र हिलसा में ही निर्धारित होता रहा है, जिससे छात्र-छात्राओं को सुविधा मिलती थी। लेकिन इस बार स्नातक सत्र 2023-2027 के सेमेस्टर-06 की परीक्षा के लिए केंद्र बिहारशरीफ बनाए जाने की सूचना मिलने से छात्रों में असंतोष व्याप्त हो गया।आशीष कुमार ने परीक्षा नियंत्रक से आग्रह किया कि छात्र-छात्राओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए परीक्षा केंद्र हिलसा में ही निर्धारित किया जाए, ताकि उन्हें अनावश्यक दूरी तय न करनी पड़े। इस पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. प्रो. मनोज कुमार ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए आश्वासन दिया कि छात्रों की समस्याओं को देखते हुए एस.यू. कॉलेज, हिलसा का परीक्षा केंद्र सरदार पटेल कॉलेज, हिलसा में ही निर्धारित कर दिया जाएगा।इस मौके पर छात्र नेता रिशु पटेल, छात्र जदयू पूर्वी भाग के उपाध्यक्ष अंकेश रंजन, एस.यू. कॉलेज छात्र जदयू के अध्यक्ष राकेश कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।




# जनगणना में तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन




हरिओम कुमार

हरनौत(अपना नालंदा)।भारत जनगणना के तहत जनगणना पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों के लिए आयोजित द्वितीय चरण का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुक्रवार को नगर पंचायत क्षेत्र में अवस्थित बीपीआरओ कार्यालय के सभागार भवन में सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को जनगणना प्रक्रिया के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई।नगर पंचायत में प्रतिनियुक्त नोडल पदाधिकारी सह सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी प्राची प्रसा ने सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को सेवा भाव की प्रतिज्ञा दिलाते हुए ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि ट्रेनर शिक्षिका पम्मी कुमारी एवं शिक्षक जयरामदास के द्वारा प्रशिक्षण के दौरान डेटा सुरक्षा, ऑनलाइन जनगणना, हाउस लिस्टिंग, परिवारों से प्रभावी संपर्क स्थापित करने तथा निष्पक्ष और शालीन व्यवहार के साथ डाटा संकलन की प्रक्रिया पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य में पारदर्शिता और सटीकता अत्यंत आवश्यक है।यही भविष्य की योजनाओं का मजबूत आधार बनती है। समापन अवसर पर कार्यपालक पदाधिकारी सह चार्ज पदाधिकारी सौरभ सुमन ने सभी प्रतिभागियों को जनगणना कार्य को जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ पूर्ण करने तथा लोगों को इसके प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। इस मौके पर दर्जनों प्रगणक एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

# कतरीसराय में स्कॉर्पियो-बाइक टक्कर, एक गंभीर घायल, चालक फरार हुआ



आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। थाना क्षेत्र के बिलारी मोड़ पर शुक्रवार को स्कॉर्पियो और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में दो युवक घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) कतरीसराय लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पावापुरी स्थित विम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों में एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नवादा जिला के वारसलीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत खिरभोजना गांव में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने आए दो युवक बाइक से कतरीसराय बाजार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बिलारी मोड़ के पास पीछे से तेज रफ्तार में आ रही सफेद रंग की स्कॉर्पियो (बीआर 31 बीई/8315) ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक बाइक सहित सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना में शेखपुरा जिला के शेखोपुर सराय थाना क्षेत्र निवासी 26 वर्षीय संटु कुमार को सिर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि 17 वर्षीय शनि कुमार, निवासी ओनामा गांव, को हल्की चोट लगी है।

थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि दुर्घटना के बाद स्कॉर्पियो चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस वाहन संख्या के आधार पर मालिक और चालक की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।






## संपादकीय

जे पी चौधरी



# पश्चिम बंगाल चुनाव: सियासी संग्राम में विकास, पहचान और ध्रुवीकरण की जंग

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव एक बार फिर राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में आ गया है। पहले चरण की सीटों पर मतदान के साथ ही राज्य में सियासी तापमान चरम पर पहुंच चुका है। मुकाबला मुख्य रूप से सत्तारूढ़ ममता बनर्जी की अगुवाई वाली तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच है, जबकि कांग्रेस इस बार अलग राह पर चलते हुए अपनी जमीन तलाशने में जुटी है।

भाजपा ने इस चुनाव को प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह समेत पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने बंगाल में लगातार रैलियां कर अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा ने अपने चुनावी अभियान में भ्रष्टाचार, घुसपैठ, महिला सुरक्षा और परिवारवाद जैसे मुद्दों को प्रमुखता दी है। वहीं, तृणमूल कांग्रेस ने इन आरोपों का जवाब देते हुए भाजपा पर सांप्रदायिक ध्रुवीकरण और बंगाल की सांस्कृतिक पहचान पर हमला करने का आरोप लगाया है।

ममता बनर्जी की राजनीति की सबसे बड़ी ताकत उनकी जनसंपर्क क्षमता और "दीदी" की छवि रही है। सादगीपूर्ण जीवनशैली, सीधे संवाद और जनकल्याणकारी योजनाओं के जरिए उन्होंने अपने मजबूत जनाधार को बनाएरखा है। लक्ष्मी भंडार, कन्याश्री, स्वास्थ्य साथी जैसी योजनाओं ने महिला और गरीब वर्ग के बीच उनकी पकड़ को और मजबूत किया है। यही कारण है कि लंबे समय से सत्ता में रहने के बावजूद वह अभी भी एक मजबूत दावेदार के रूप में देखी जा रही हैं।

दूसरी ओर, भाजपा ने चुनाव को बड़े पैमाने पर राष्ट्रीय नेतृत्व के चेहरे पर केंद्रित किया है। नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता को सामने रखकर पार्टी ने बदलाव का नारा दिया है। साथ ही महिला सुरक्षा से जुड़े मुद्दों और हालिया घटनाओं को भी चुनावी बहस का हिस्सा बनाया गया है, जिससे राज्य सरकार को घेरने की कोशिश की गई है।

कांग्रेस इस बार अकेले चुनाव मैदान में है, जो उसके लिए एक चुनौती और अवसर दोनों है। पिछली बार वाम दलों के साथ गठबंधन के बावजूद उसे सफलता नहीं मिली थी, ऐसे में इस बार उसका लक्ष्य अपना जनाधार बढ़ाना और राजनीतिक अस्तित्व को मजबूत करना है।

चुनाव का एक महत्वपूर्ण पहलू मतदाता सूची और कथित गड़बड़ियों को लेकर उठे सवाल भी हैं। तृणमूल कांग्रेस ने इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाते हुए इसे लोकतांत्रिक अधिकारों से जोड़ने की कोशिश की है, जबकि भाजपा ने इसे खारिज करते हुए विकास और सुशासन पर ध्यान केंद्रित किया है।

कुल मिलाकर पश्चिम बंगाल का यह चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन की लड़ाई नहीं, बल्कि विचारधाराओं, विकास मॉडल और पहचान की राजनीति के बीच टकराव का प्रतीक बन गया है। परिणाम चाहे जो भी हो, यह चुनाव राज्य की राजनीति की दिशा तय करने के साथ-साथ राष्ट्रीय राजनीति पर भी गहरा प्रभाव डालेगा।

# अनुसूचित जाति-जनजाति मामलों की समीक्षा, पीड़ितों को आर्थिक राहत पर जोर




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी डॉ. प्रीति ने की। यह बैठक अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत गठित समिति के कार्यों की समीक्षा के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में किए गए कार्यों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जानकारी दी गई कि इस अवधि में कुल 195 पीड़ितों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई, जबकि 25 लाभुकों को पेंशन का लाभ दिया गया। इन सभी के बीच कुल 1 करोड़ 20 लाख 84 हजार 546 रुपये की राशि का वितरण किया गया, जिससे पीड़ितों को राहत पहुंचाने में मदद मिली है।

जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पीड़ितों को समय पर सहायता राशि उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए और मामलों के निष्पादन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को सुरक्षा और न्याय दिलाना है, इसलिए सभी संबंधित अधिकारी संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार पाण्डेय, वरीय उप समाहर्ता सुश्री नेहा, जिला कल्याण पदाधिकारी संजय कुमार, सांसद प्रतिनिधि धर्मपाल सिंह सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाने पर बल दिया।

# एरिस्टो फार्मा के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर, 250 ग्रामीणों की जांच




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम गोविंदपुर, मोदनगंज में शुक्रवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। इस शिविर का आयोजन एरिस्टो फार्मा एवं एरिश्मा चैरिटेबल ट्रस्ट, मुंबई द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

शिविर का आयोजन एरिस्टो फार्मा के एम.डी. उमेश शर्मा उर्फ भोला बाबू के दिशा-निर्देशन में किया गया। इस दौरान 250 से अधिक ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें विशेष रूप से महिलाओं के स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित किया गया। चिकित्सकों की टीम ने विभिन्न प्रकार की बीमारियों की जांच कर आवश्यक परामर्श एवं दवाइयां भी उपलब्ध कराईं।इस अवसर पर मेदांता हॉस्पिटल, पटना के डॉ. मुकेश कुमार, साईं नेत्रालय, पटना के डॉ. सुनील कुमार तथा सदर अस्पताल, जहानाबाद के डॉ. मदन जीत ने अपनी सेवाएं दीं। सभी डॉक्टरों ने मरीजों की बारीकी से जांच कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सुझाव दिए।

शिविर के सफल संचालन में राहुल कुमार (सीएसआर वरिष्ठ प्रबंधक) की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जबकि अनुराग गुंजन ने भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया। आयोजन समिति ने बताया कि इस तरह के शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाना और लोगों को जागरूक करना है।

ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से उन्हें समय पर इलाज और सही परामर्श मिल पाता है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से राहत मिलती है।

# जहानाबाद में गैस आपूर्ति सामान्य, अफवाहों से बचने की अपील




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिला प्रशासन ने एलपीजी गैस वितरण व्यवस्था को लेकर स्पष्ट किया है कि जिले में आपूर्ति पूरी तरह सामान्य और सुचारू रूप से संचालित हो रही है। अनुमंडल पदाधिकारी ने गैस वितरक एजेंसियों एवं सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक कर स्थिति का जायजा लिया।

बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि गैस की आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा न आए और उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए। आम लोगों से अपील की गई कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराहट में अनावश्यक बुकिंग न करें। किसी भी समस्या की स्थिति में जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क करने की सलाह दी गई है।

जिले में वर्तमान में कुल 14,191 एलपीजी बुकिंग दर्ज की गई है, जबकि गैस का कुल स्टॉक बढ़कर 7,699 हो गया है, जो पिछले दिन के 6,590 स्टॉक से अधिक है। औसत डिलीवरी अवधि 3.42 दिन हो चुकी है, जिसे और कम करने के लिए अधिकारियों को बैकलॉग घटाने का निर्देश दिया गया है।

प्रशासन द्वारा अब तक 448 स्थानों पर औचक निरीक्षण और छापेमारी भी की जा चुकी है, ताकि वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहे। जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06114-223013 पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है।

वहीं, शादी समारोहों के लिए कमर्शियल गैस उपलब्ध कराने हेतु अनुमंडल कार्यालय में आज 20 आवेदन प्राप्त हुए हैं। लोगों का कहना है कि प्रक्रिया सरल होने के कारण उन्हें समय पर गैस उपलब्ध हो रही है और जिले में कहीं भी अफरा-तफरी की स्थिति नहीं है।

# चंडी में जनगणना प्रशिक्षण सम्पन्न, कर्मियों को दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश



चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। प्रस्तावित जनगणना 2027 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से चंडी नगर पंचायत में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हो गया। यह प्रशिक्षण 22 अप्रैल से 24 अप्रैल तक बापू हाई स्कूल, चंडी परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें सुपरवाइजर एवं प्रगणकों को जनगणना कार्य की विस्तृत जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर लाल बाबू एवं ज्योति प्रभा ने प्रतिभागियों को जनगणना के प्रथम चरण की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने बताया कि पहले चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की जाएगी, जिसके अंतर्गत प्रत्येक मकान का विवरण, उसकी स्थिति, उपयोग और अन्य आवश्यक आंकड़ों का संग्रह किया जाएगा। यह प्रक्रिया आगामी जनसंख्या गणना के लिए सटीक आधार तैयार करेगी।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. अनूपा कुमारी ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसे पूरी ईमानदारी, निष्पक्षता और गोपनीयता के साथ पूरा करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना में आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा, जिससे डेटा संग्रहण की प्रक्रिया और अधिक सरल एवं पारदर्शी बनेगी।

उन्होंने यह भी कहा कि प्रशिक्षण के दौरान डेटा संग्रहण की विधि, तकनीकी पहलुओं और मैप के माध्यम से मकानों के सही सूचीकरण की जानकारी दी गई है। साथ ही उन्होंने सभी कर्मियों को डोर-टू-डोर अभियान चलाकर लोगों को स्व-गणना के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर लाल बाबू, ज्योति प्रभा सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण समाप्त होने के साथ ही नगर पंचायत क्षेत्र में जनगणना के प्रथम चरण की तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

# राजेश कुमार ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर दी बधाई



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय छात्र जदयू नालंदा के पूर्व अध्यक्ष राजेश कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें नए दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान राजेश कुमार ने मुख्यमंत्री को उनकी तस्वीर एवं भगवा गमछा भेंट कर सम्मानित किया।

मुलाकात के दौरान राजेश कुमार ने कहा कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य में युवाओं और छात्रों के हित में कई प्रभावी योजनाएं लागू की जाएंगी, जिससे शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा।

राजेश कुमार ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री पूर्वमुख्यमंत्री एवं जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार द्वारा शुरू की गई जनकल्याणकारी योजनाओं को और अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ाएंगे।

उन्होंने कहा कि सम्राट चौधरी की कार्यशैली में नीतीश कुमार की झलक दिखाई देती है, जिससे राज्य की जनता को उनसे काफी उम्मीदें हैं।

उन्होंने उम्मीद जताई कि नए नेतृत्व में बिहार निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा और विकास की गति और तेज होगी।

इस अवसर पर राजेश कुमार ने मुख्यमंत्री के सफल कार्यकाल की कामना करते हुए राज्य के उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद व्यक्त की।









# एनडीए एकजुट, सम्राट चौधरी के नेतृत्व में आगे बढ़ेगा बिहार:- संजय सरावगी



पटना (अपना नालंदा)। बिहार विधानसभा के विशेष सत्र में नई सरकार द्वारा विश्वास मत हासिल करने के बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर संजय सरावगी ने कहा कि फ्लोर टेस्ट का सफलतापूर्वक पारित होना मजबूत नेतृत्व और जनविश्वास की बड़ी जीत है। उन्होंने विश्वास जताया कि सम्राट चौधरी के सक्षम एवं दूरदर्शी नेतृत्व में बिहार विकास, सुशासन और स्थिरता के नए मानदंड स्थापित करेगा।उन्होंने कहा कि सरकार ने सदन में विकास और समृद्ध बिहार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता स्पष्ट कर दी है। एनडीए सरकार जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। साथ ही यह भी कहा कि बिहार उसी विकास पथ पर आगे बढ़ेगा, जिसकी नींव पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रखी थी।संजय सरावगी ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि फ्लोर टेस्ट मात्र औपचारिकता था और किसी को भ्रम पालने की जरूरत नहीं है, क्योंकि एनडीए पूरी तरह एकजुट है।उन्होंने आगे कहा कि सम्राट चौधरी एक कर्मठ, अनुभवी और जुझारू नेता हैं, जिनके नेतृत्व में बिहार तेजी से विकसित और समृद्ध राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा।

# बिहार में एनडीए सरकार कल भी थी,आज भी है और आगे भी रहेगी :- विजय कुमार सिन्हा



पटना(अपना नालंदा)।बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को विधानसभा में विश्वासमत परीक्षण के पश्चात मीडिया से बात करते हुए विश्वासमत हासिल करने हेतु NDA परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी । उन्होंने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार अपनी पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन तथा पूर्व मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी के अनुभव का लाभ लेते हुए माननीय मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी जी एनडीए घटक दलों के साथ दृढ संकल्पित होकर आगे बढ़ रहे हैं ।

श्री सिन्हा ने आगे कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार 2005 से अबतक जिस मजबूती से कार्य कर रही थी, उसी जज्बे के साथ आगे भी काम करती रहेगी । बिहार हर क्षेत्र में तेज गति से प्रगति कर रहा है । सुशासन, सेवा, समर्पण के साथ कास्ट, क्राइम और करप्शन से मुक्त बिहार बनाने के संकल्प को भी पूरा करने में सभी की सहभागिता सुनिश्चित हो रही है ,जो बिहार के लिए शुभ संकेत है ।

श्री सिन्हा ने कहा कि बीते विधानसभा चुनाव में राज्य की जनता ने विकास और विश्वास की राजनीति को आगे बढ़ाने वाले हमारे NDA गठबंधन को जनादेश दिया है । इसलिए उस विश्वास पर खरा उतरना डबल इंजन की सरकार की पहली प्राथमिकता है ।आने वाले दिनों में गठबंधन के सभी सहयोगियों के साथ मिलकर हम विकसित बिहार के सपने को जरूर साकार करेंगे ।

# नालंदा में लोक शिकायतों पर सुनवाई, कई मामलों का मौके पर निपटारा

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ। बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने द्वितीय अपीलीय प्राधिकार के रूप में 24 मामलों की सुनवाई की। इस दौरान कई मामलों का निपटारा मौके पर ही कर दिया गया, जबकि कुछ मामलों में संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।सुनवाई के दौरान परिवादी रानी देवी (शौचालय प्रोत्साहन राशि), विकास आनंद (नाला निर्माण), आशीष कुमार (नल-जल समस्या), नवीन कुमार सिंह (लोक भूमि विवाद), राहुल कुमार सिंह (सरकारी भूमि), बिपिन कुमार (तालाब अतिक्रमण), प्रभात कुमार रंजन (त्यागपत्र जांच), राजेंद्र प्रसाद (अतिक्रमण हटाना), निक्की कुमारी (राशन कार्ड), प्रवीण कुमार (गैर मजरूआ जमीन), रोहित राज (पंजी-2 नकल), सूर्यमणि सिंह (नल-जल भुगतान), धीरेंद्र कुमार वर्मा (उत्पीड़न मामला), राजेश कुमार चंद्रवंशी (वृद्धा पेंशन), नरेंद्र कुमार (वेतन भुगतान), प्रेम कुमार (जमाबंदी) तथा सत्यदेव प्रसाद सिंह (खाता-खेसरा) से जुड़े मामलों का निष्पादन किया गया।

वहीं विश्वकर्मा कुमार (राशि गबन), इंद्रजीत कुमार (पुल निर्माण), विमलेश कुमार (कार्रवाई मांग), रामनाथ सिंह (आवेदन लंबित) मामलों की सुनवाई अगली तिथि तक स्थगित की गई। अरविंद प्रसाद के इंदिरा आवास मामले में जांच के लिए टीम गठित की गई, जबकि सूरज कुमार के ग्रामीण आवास योजना मामले में उप विकास आयुक्त से रिपोर्ट मांगी गई।

इस अवसर पर जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिला पदाधिकारी ने सभी मामलों के त्वरित एवं पारदर्शी निष्पादन पर जोर दिया।

# मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के गृह जिले मुंगेर में गहराया जल संकट, यात्री बेहाल

मुंगेर (अपना नालंदा)। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के गृह जिला मुंगेर में इन दिनों भीषण पेयजल संकट ने आम लोगों के साथ-साथ यात्रियों की परेशानी बढ़ा दी है। हालात यह हैं कि रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर पीने के पानी की समुचित व्यवस्था तक नहीं है।

भीषण गर्मी के बीच जब तापमान 41 से 43 डिग्री तक पहुंच रहा है, तब मुंगेर, धरहरा, बरियारपुर, संग्रामपुर और हवेली खड़गपुर जैसे इलाकों के बस स्टैंड और रेलवे स्टेशनों पर यात्री प्यास से परेशान नजर आ रहे हैं। कई जगहों पर लगे प्याऊ बंद पड़े हैं, चापाकल खराब हैं और वाटर कूलर काम नहीं कर रहे हैं। मुंगेर बस स्टैंड की स्थिति काफी दयनीय हो गई है। यहां न तो यात्रियों के बैठने की समुचित व्यवस्था है और न ही पीने के पानी की सुविधा उपलब्ध है। यात्रियों को मजबूरी में बोतलबंद पानी खरीदना पड़ रहा है या आसपास की दुकानों से पानी मांगकर काम चलाना पड़ रहा है।

धरहरा रेलवे स्टेशन पर स्थिति और भी खराब है। स्टेशन पर लगे आधा दर्जन प्याऊ में एक बूंद पानी नहीं है। वहीं, बरियारपुर रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म संख्या एक का जीपीटी चापाकल खराब पड़ा है और दूसरे चापाकल से पर्याप्त पानी नहीं निकल रहा। प्लेटफॉर्म संख्या दो के अंतिम छोर पर लगा जल मीनार भी खराब है, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है।

सिर्फ स्टेशन और बस अड्डे ही नहीं, बल्कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में भी कई चापाकल खराब पड़े हैं। कई नदियां सूख चुकी हैं, जिस मवेशियों को पानी पिलाने में भी कठिनाई हो रही है।

इस स्थिति से साफ जाहिर होता है कि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। विभाग के अधिकारी और कर्मचारी पेयजल आपूर्ति को लेकर गंभीर नहीं दिख रहे हैं, जबकि सरकार द्वारा हर महीने वेतन दिया जा रहा है।

स्थानीय लोगों में इसको लेकर काफी नाराजगी है। उनका कहना है कि जिलाधिकारी के निर्देशों का भी विभाग पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। यदि प्रशासन को वास्तविक स्थिति देखनी है, तो हवेली खड़गपुर प्रखंड के कौड़िया पंचायत के वार्ड संख्या 10 में जाकर जल-नल योजना की हकीकत देखी जा सकती है।

मुख्यमंत्री के गृह जिले में इस तरह की बदहाल स्थिति सरकार और प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रही है। अब देखना यह होगा कि इस गंभीर समस्या पर कब तक ठोस कदम उठाए जाते हैं।




Kalope HOMES
Now in
BIHAR SHARIF
PREMIUM MODULAR KITCHEN
@ ₹99,999 में.
Upgrade Your Home with Luxurious uPVC Kitchen
ZERO WOOD TECHNOLOGY
No Wood
100% Waterproof uPVC
Termite Proof
Low Maintenance
10 YEAR WARRANTY
LIMITED OFFER FOR FIRST 20 CUSTOMERS ONLY
BOOK FREE SITE VISIT »
+91 74887 06578
*T&C Apply | Limited Offer